गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति   **दिनांक : 10.12.2011**

बिलासपुर : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के प्रथम म्यूजिकल बैण्ड 'तरंग' का 10 दिसम्बर, 2011 को शानदार आगाज हुआ। इसका साक्षी बना विश्वविद्यालय का रजत जयंती सभागार। माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने म्यूजिकल बैण्ड 'तरंग' का उद्घाटन एवं 'उड़ान' की वेबसाइट thepanache.me/Udaan की लांचिंग की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी आपकी है। कठिन परिश्रम करें। आप इसे ऊंचाई पर ले जायें। आप सबको ही इस म्यूजिकल बैण्ड की तरंग में रंग भरना है। विश्वविद्यालय की पहचान विद्यार्थी एवं शिक्षक दोनों से है। दोनों अच्छे होंगे तभी विश्वविद्यालय की सर्वोत्तम पहचान बनेगी।

कार्यक्रम के आरंभ में उड़ान टीम की कोआर्डिनेटर पारुल कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। माननीय कुलपति सहित अन्य विशिष्टजनों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीपप्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। म्यूजिकल बैण्ड की टीम ने कुलगीत 'गुरु कृपा के पुण्य परस से' तथा प्रोमोशनल सांग एवं इण्ट्रोडक्शन ऑफ बैण्ड के रूप में 'आ गया है सेकण्ड सीजन ऑफ उड़ान' की संगीतमय प्रस्तुति की। 'एक तू ही भरोसा' एवं 'घर आ जा' गीत पर म्यूजिकल टीम ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। 'जहां डाल–डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा, वह भारत देश हे मेरा' की कर्णप्रिय गीत ने सभागार में मौजूद दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। 'हर जगह में समाया है' गीत ने भी समां बांध दिया। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एस.व्ही.एस. चौहान ने कहा कि जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है। अनुशासन से सब कुछ पाना संभव है। उड़ान टीम व म्यूजिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की तरक्की में अपना योगदान इसी तरह देते रहें। पारुल कौशिक ने 'एक राधा एक मीरा' सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। म्यूजिकल बैण्ड में तबला, गिटार व मिनी ड्रम की प्रस्तुति पर लोगों ने खूब तालियां बजायी। 'दिल है छोटा सा, छोटी से आशा, मस्ती भरे मन की छोटी सी आशा' की भी

मधुर प्रस्तुत रही। 'टाइम ऑफ योर लाइफ' अंग्रेजी गीत पर राकेश सिंह व प्रवेश ह्यूमने के गिटारों की धुन लोगों को अच्छी लगी। 'जब कोई बात बिगड़ जाये' व छाप तिलक ने श्रोताओं पर संगीत की सुमधुर छाप इस कदर छोड़ी कि श्रोता 'वन्स मोर–वन्स मोर' कहने से अपने को रोक नहीं सके। धन्यवाद ज्ञापन उड़ान टीम के को–कोआर्डिनेटर आशुतोष सिंह ने किया। वी शैल ओवर कम/हम होंगे कामयाम से 'म्यूजिकल संध्या' कार्यक्रम का संगीतमय समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कार्यपरिषद सदस्य श्री जावेद उस्मानी, सह सलाहकार डॉ. पीसी उपाध्याय, कुलसचिव प्रो. एम.एस.के. खोखर, आईटी के डीन प्रो. एस.एन. साहा, प्रो. पीके वाजपेयी, कला संकायाध्यक्ष डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. अनुपमा सक्सेना, डॉ. मनीषा दुबे आदि सहित अनेक संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

म्यूजिकल टीम के सिंगर्स एवं वाद्ययंत्र के साधक–

म्यूजिकल टीम में गायकों में अभिनव शर्मा, आशुतोष कुमार सिंह, करुणा एम. सूर्यवंशी, अनुष्का भट्टाचार्या, पारुल कौशिक, पंकज सूरज मित्तल, राकेश सिंह, समय टिर्की, बिनाय बाबू शामिल हैं जबकि वाद्ययंत्र टीम में आयुष गौतम बिनाय बाबू, बृजेश कुमार कौशल, प्रवेश ह्यूमने, राकेश सिंह, रोमी बंसोड, समय टिर्की एवं उत्कर्ष स्वामी शामिल हैं।

मीडिया प्रभारी